हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 15 जनवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 19.2 डिग्री

न्यूनतम 7.2 डिग्री

4



कवर्धा, महासमुंद से पहले रायगढ़ के दो संग्रहण केंद्रों में आ चुकी है साढ़े 9 करोड़ के धान की कमी

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने की खरहरा संगम में की साफ-सफाई



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा खरहरा संगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के पूर्व स्वयंसेवकों को स्वच्छता के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने संगम क्षेत्र में फैले कचरे, प्लास्टिक अपशिष्ट एवं अन्य कचरे को एकत्र किया। स्वयंसेवकों ने स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने तथा नदी एवं आसपास के क्षेत्रों को प्रदूषित न करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अपनाए, स्वस्थ जीवन बनाए के नारे लगा लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि रासेयो का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

### ग्राम छिंदिया में रासेयो के विशेष शिविर का समापन



**रामानुजनगर।** शाउमावि रामानुजनगर के विशेष सात दिवसीय शिविर ग्राम छिंदिया में समापन हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वयंसेवकों ने अतिथियों के स्वागत में गीत, नुक्कड़ नाटक एवं छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। विशेष सात दिवसीय शिविर का शिविर प्रतिवेदन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया। ग्राम छिंदिया में स्वच्छता अभियान चलाकर पाउच, पन्नी, पालीथीन को इकठ्ठा कर आग लगाया गया, सड़कों, गलियों, मोहल्लों में साफ सफाई किया गया। सार्वजनिक स्थलों के 17 हैंडपंपों के सामने सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया। सार्वजनिक स्थलों में 16 कचरा पेटी का निर्माण कर लोगों को कचरा पेटी में डालें कहा गया। इसके अलावा प्रतिदिन सुबह प्रशिक्षित योग शिक्षकों के माध्यम से योग एवं व्यायाम कराया

### ढकनापारा ने फुटबाल का उद्घाटन मैच जीता



**सीतापुर।** क्षेत्र के युवा खेल प्रतिभा को अवसर प्रदान करने स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजनांतर्गत ग्राम सुर में धरती आबा बिरसा मुंडा अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। शासकीय हाईस्कूल मैदान में आयोजित इस फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम पंचायत सुर की सरपंच किरण बाला भगत द्वारा किया गया। पखवाड़े भर चलने वाले इस फुटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा समेत अन्य जिलों से कुल 48 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का पहला इनाम 50 हजार दूसरा 25 हजार एवं तीसरा 15 हजार रुपए एवं प्रवेश शुल्क 15 सौ रुपए रखा गया है। मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन एवं खिलाड़ियों से परिचय के बाद प्रतियोगिता का पहला मैच ढकनापारा एवं जामढोढ़ी के बीच खेला गया जिसमे ढकनापारा की टीम ने एकतरफा जीत हासिल करते हुए जामढोढ़ी को 2 गोल से हरा दिया।

### जशपुर में घर-घर दबिश, फरार आरोपियों की तलाश तेज

# करोड़ों के सोना चोरी में पुलिस का बड़ा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





जिले के रैनीडांड़ ,थाना नारायणपुर क्षेत्र में हुई करोड़ों रुपये की सोना व नगदी चोरी के मामले में जशपुर पुलिस ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिलेभर में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। फरार आरोपियों के घरों, रिश्तेदारों के ठिकानों और संभावित पनाहगाहों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस हाई-प्रोफाइल चोरी कांड में अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि प्रार्थी की भतीजी ने अपने बॉयफ्रेंड और अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने ही बड़े पिताजी के घर में चोरी की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

थाना नारायणपुर में धारा 331(4), 305(ए), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल, मुखबिर तंत्र और स्थानीय इनपुट के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है। इस मामले में अविनाश राम पिता जयराम उम्र 27 वर्ष निवासी पुरनानगर रानीबगीचा, थाना सिटी कोतवाली जशपुर, घनश्याम प्रधान पिता बालमोहन प्रधान, जुड़वाइन अम्बाटोली, चौकी आरा हाल मुकाम बाकीटोली, थाना सिटी कोतवाली, जशपुर, अनमोल भगत पिता सीताराम भगत निवासी आरा मामले में फरार चल रहे है। जिनकी पतासाजी के लिए पुलिस इनके संभावित ठिकानों में दबीश दे रहे हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि फरार आरोपियों से जुड़ी कोई भी जानकारी मिले, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

#### जल्द होगी गिरफ्तारी

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस इस मामले में बेहद प्रोफेशनल तरीके से काम कर रही है। फरार आरोपियों के हर संभावित ठिकाने पर लगातार कार्रवाई जारी है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## गौ तस्करी के फरार दो आरोपी गिरफ्तार



■ 10 गौ-वंश पूर्व में कराए गए थे मुक्त

**जशपुरनगर।** गौ तस्करी के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों नवाब खान उर्फ मनुव्वर खान उम्र 38 वर्ष निवासी आजाद मोहल्ला एवं मुस्तकीम खान उम्र 48 वर्ष निवासी मधुवनटोली, जशपुरनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्र अंतर्गत डुमरटोली जंगल से पूर्व में 10 नग गौ-वंश को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया था। इस प्रकरण में पहले ही आरोपियों के दो सहयोगी अजीत राम और राजेश्वर राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब गौ-वंश के मालिक बताए जा रहे दोनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी से मामले की कड़ी पूरी हो गई है। 6 जनवरी 2026 की शाम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति डुमरटोली जंगल के रास्ते गौ-वंशों को बेरहमी से मारते-पीटते हुए पैदल झारखंड की ओर ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर 10 गौ-वंशों को सकुशल बरामद किया। हालांकि पुलिस को देख आरोपी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया था। बाद में उसकी पहचान अजीत राम के रूप में हुई, जिसे पुलिस ⏭ शेष पेज 4 पर

## दिव्यांग बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण एवं वनभोज



**जशपुरनगर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा विगत दिवस 10 जनवरी को दिव्यांग बच्चो का शैक्षणिक भ्रमण एवं वन भोज कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालित दृष्टि बाधितार्थ विशेष विद्यालय गम्हरिया एवं समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र के नियमित अध्ययनरत दिव्यांग बच्चो को विशेष बसों से कुनकुरी तहसील के ग्राम ठेठेटांगर स्थित संगम डेम के प्राकृतिक स्थल का भ्रमणकराया गया। भ्रमण के दौरान दिव्यांग बच्चों ने मनोरंजानात्मक खेल-कूद और वनभोज का आनंद लीया। वहां जाकर दिव्यांग बच्चो को पंरपरागत खेल-कूद के मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षकीय अमले के माध्यम से पर्यावरण और उसके संरक्षण के महत्व को जानने, समझने और महसूस करने हेतु ज्ञानवर्धन का अवसर मिला। समस्त दिव्यांगजन इस शैक्षणिक भ्रमण से बहुत आंनदित हुए।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही बाइक बरामद किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुक्ति पारा निवासी दीनू एक्का 10 जनवरी की रात 10 बजे अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 14 एमके 6934 को शटर के अंदर खड़ी कर दरवाजा बंद कर सोया था। 4 बजे भोर मे आवाज सुनकर उठकर देखा मकान के शटर का ताला तोड़कर बाइक चोरी कर ली गई थी। इस दौरान चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने प्रतापपुर केरता हाल मुकाम सुभाषनगर निवासी 24 वर्षीय ननकेश्वर पोया आ. झीमल पोया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद करने के साथ ही आरोपी को बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की बैठक

■ मांगों को लेकर अपर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**जशपुरनगर।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की जिला इकाई जशपुर की बैठक में जिले के सभी विकासखंड अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य मुद्दा मोदी की गारंटी सहित चार सूत्रीय मांग हेतु 17 जनवरी को होने वाला ध्यानाकर्षण हड़ताल रहा।

फेडरेशन का कहना है कि चुनाव के पूर्व बीजेपी की घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने की घोषणा शामिल थी। सरकार बनने के 2 वर्ष बाद भी इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठने से सहायक शिक्षकों में चिंता की लहर है एवं फेडरेशन हड़ताल हेतु मजबूर है। जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया की संगठन यह भी मांग करता है कि एल बी संवर्ग की समस्त लाभ हेतु गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से किया जाए, साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति हेतु वीएसके एप की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए, एवं शिक्षकों हेतु टेट की अनिवार्यता हेतु हाल ही में जारी सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश पर भी उचित समाधान निकाल कर शिक्षकों का अहित न हो इस हेतु आदेश निकाला जाए। जिला अध्यक्ष ने इस बात का भी आह्वान किया कि चूंकि फेडरेशन आम शिक्षकों के हित की लड़ाई लड़ रहा है इसलिए 17 जनवरी के होने वाले एक दिवसीय हड़ताल में सभी शिक्षक शत प्रतिशत हड़ताल में शामिल हो इस हेतु जिला कार्यकारिणी की टीम और विकासखंड अध्यक्ष जमीनी स्तर से कार्य करें। फेडरेशन के विधि मान्य सदस्य हेतु सदस्यता कार्यक्रम चालू किया जाए एवं फेडरेशन से जुड़े हुए सदस्यों को आने वाली स्थानीय स्तर की दिक्कतें को जिला एवं विकासखंड स्तर के पदाधिकारी प्रयास कर दूर करें। फेडरेशन से जुड़े हुए किसी भी सदस्य को टीएडीए अर्जित अवकाश या आकस्मिक अवकाश, परीक्षा अनुमति आदेश, वेतन संधारण, वेतन पुनरीक्षण, वेतन वृद्धि, परिवीक्षा अवधि समाप्ति वाले कर्मचारियों को मिलने वाला एरियर इत्यादि किसी भी प्रकार के लीगल एवं वाजिब अधिकार हेतु कार्यालय में भटकना न पड़े। सभी आठ विकासखंड के अध्यक्षों ने भी एकमत होकर यह बात कही कि फेडरेशन उपरोक्त मामले में सिर्फ उन शिक्षकों को सहयोग प्रदान करेगा जो फेडरेशन से जुड़े हैं एवं विधि मान्य सदस्य हैं।

बैठक के पश्चात उपरोक्त चार सूत्रीय मांग के आंदोलन हेतु ज्ञापन अपर कलेक्टर जशपुर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर अजय कुमार गुप्ता, रवि गुप्ता, मेराज अंसारी,सरस्वती जगत,सीमा गुप्ता, गायत्री देवता उत्तम पैंकरा, अरविंद निराला, बासुन राम, राकेश सिंह, बुद्धदेव साय, सुमन भगत, रेणु प्रधान,एलन साहू, अवनीश पाण्डेय, आनंद गुप्ता, पंकज बेहरा, भरत यादव, संतोष जाटवर, दीपक मार्टिन, पुरेंद्र यादव, महेन्द्र सिंह, संजय बेक नेस्तोर एक्का, संदीप तिर्की, थबीर साहू आदि मौजूद रहे।

## ठण्ड बढ़ने से सर्दी-खांसी व बुखार से पीड़ित हो रहे लोग



**अम्बिकापुर।** ठंड का मौसम तो वैसे अन्य मौसम की अपेक्षा हेल्दी सीजन माना जाता है। लेकिन ठंड ज्यादा बढ़ जाए तो इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। ऐसे में बच्चे से लेकर बडे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे।मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत निजी अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इधर चिकित्सक भी स्वास्थ्य पर ध्यान देने खासकर बच्चों को ठंड से बचाने तथा गर्म रखने तथा किसी प्रकार परेशानी होने पर चिकित्सकों से जांच व उपचार कराने की सलाह दे रहे है।

दिसम्बर माह के बाद जनवरी माह में अचानक पारा गिरने तथा शीत लहर चलने से पारा काफी गिर गया जिससे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू हो गया। पिछले एक सप्ताह से अचानक ठंड बढ़ जाने से बच्चे से लेकर बडे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा निजी अस्पताल में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सकों के मुताबिक ठंड का मौसम हेल्दी सीजन होता है लेकिन ज्यादा ठंड बढ़ जाने के कारण इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अस्पताल में अधिकांश मरीज मौसम के अचानक बदल जाने से सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या वृद्धि हुई है हालांकि ओपीडी में विभिन्न बीमारियों की जांच कराने लोग आते है परंतु उनमें सर्दी, जुकाम व बुखार पीड़ितों की संख्या अधिक होती है। इस प्रकार की स्थिति एमसीएच में भी जहां परिजन बच्चों के सर्दी-जुकाम, बुखार के अलावा उल्टी दस्त की शिकायत को लेकर जांच कराने आते है। एमसीएच में हर रोज बड़ी संख्या में बीमार बच्चों के पहुंचने लगे है।

## मोबाइल के सही एवं गलत उपयोग पर स्कूल स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता



**कांसाबेल।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिकनी पानी में जीवन झरना विकास संस्था ने विद्यालय स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं जीवन झरना विकास संस्था के संचालिका सिस्टर एनी जी एवं उनके कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत के साथ किया गया तत्पश्चात एक दूसरे का स्वागत किया गया, इसके पश्चात जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल के कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिए, संस्था के प्रमुख सिस्टरएनी जी के द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को उनके जीवन का उद्देश्य को स्मरण कराया गया एवं अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा एवं सही मार्गदर्शन और अनुशासन का पालन करने का सुझाव दिए इसके पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों में से वाद विवाद के लिए रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को दो भागों में बांटा गया और उन्हें हमारे जीवन में मोबाइल का उपयोग ,एवं दुरूपयोग से हानि के बारे में वार्तालाप करने के कहां गया जिसमें 10 मिनट का समय सीमा रखा गया था, ग्रुप 01 हमारे जीवन में मोबाईल के आने से उसका सही उपयोग करने पर क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध हुई उसके बारे में बताया। और दूसरा ग्रुप मोबाइल का दुरुपयोग से हानि के बारे में बताया। जिससे उपस्थित सदस्यों ने रुचि पूर्वक उत्साहित होकर सुने और समझे साथ ही जो बच्चे प्रतियोगिता में भाग लिए थे उन्होंने भी अपने अन्तर्मन से चिन्तन कर अपने विचारों को व्यक्त किए। इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही मजेदार एवं ज्ञानवर्धक है जो बच्चे क्लासरूम में अपना मुंह नहीं खोल पाते हैं। वही बच्चे आज ⏭ शेष पेज 4 पर

### ओपन लिंक फाउंडेशन के तहत विनोबा एप के माध्यम से हुआ चयन

# जशपुर के दो नवाचारी शिक्षक को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा विनोबा एप के माध्यम से नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियां पोस्ट करने हेतु विकासखंड स्तर पर दो शिक्षक रवि गुप्ता एवं मीना सिन्हा को बीईओ जशपुर द्वारा सम्मानित किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी जशपुर कल्पना टोप्पो के द्वारा विकासखण्ड स्तरीय विजेता शिक्षकों को सम्मानित किया गया है।

सम्मानित होने वाले शिक्षक में पीएम श्री प्राथमिक शाला बघिमा के शिक्षक रवि गुप्ता एवं प्राथमिक शाला टिकैतगंज के शिक्षिका मीना सिन्हा के नाम शामिल है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी और फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अजहर शेख ने उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बेहतरीन कार्य और नवाचार के लिए अशेष शुभकामनाएं और बधाई दिया।

गौरतलब है कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा विनोवा एप के माध्यम से प्रतिदिन नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियां को निरंतर सभी विद्यालयों में नए नए तरीके से नवाचारी किया जा रहा है एवं एप में पोस्ट किया जाता है। उक्त एप के माध्यम से लगातार विकासखंड एवं जिला स्तर पर उन्हें प्रोत्साहित कर उनको सम्मानित किया जाता है।

#### एक दूसरे से दिखाते हुए बेहतर काम करे

इस अवसर पर बीईओ जशपुर कल्पना टोप्पो ने कहा कि विकासखंड के शिक्षक एक दूसरे से सीखते हुए अग्रणी रूप से एवं बेहतर तरीके से कार्य करें और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएं। ज्ञात हो कि ओपन लिंक फाउंडेशन के माध्यम से जिले के स्कूलों में शिक्षक एक से बढ़कर एक नवाचार कर उसमें उत्कृष्टता हासिल कर रहे है।

#### बच्चों के आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु गतिविधियां संचालित

ओपन लिंक फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अजहर शेख ने बताया कि विनोबा अप के अंतर्गत बोलेगा बचपन एक विशेष क्लब है जिसके माध्यम से शासकीय विद्यालय में कविता पाठ कहानी वाचन एवं बच्चों के आत्म विश्वास को बढ़ाने हेतु गतिविधियां संचालित की जाती है।

## मुक्तिधाम निर्माण के लिए 35 लाख स्वीकृत



**जशपुरनगर।** नगरपालिका जशपुर नगर के वार्ड 18 में मुक्तिधाम निर्माण उन्नयन कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के मांग पर 35 लाख 36 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान किए है नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय वार्ड पार्षद देवधन नायक मुकेश इंदवार विजेता भगत वॉर पार्षद के साथ वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड के निवासियों में मुक्तिधाम निर्माण की मांग की थी।

नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने वार्ड 18 के मुक्तिधाम के लिए प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुक्ति धाम निर्माण के लिए स्वीकृति के लिए मांग किए थे जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को स्वीकृति के निर्देश दिए थे वार्ड 18 में मुक्तिधाम धाम स्वीकृति मिलने पर वार्ड वासियो ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किए हैं।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत बलरामपुर में जरूरतमंद ग्रामीणों को वितरण किया गया कंबल

**करवां।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत बलरामपुर में कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती किरण केराम उपस्थित थीं। श्रीमती केराम ने कहा कि यह कार्यक्रम अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक है । मानव जीवन में किताबी ज्ञान के साथ-साथ आध्यात्मिक सत्संग ज्ञान का भी होना बहुत जरूरी है। हमें समाज की दिशा दशा बदलने के लिए नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेना होगा। सतपाल महाराज के प्रेरणा से सामाजिक सद्भाव आध्यात्मिक सत्संग जन जागरूकता हेतु संकल्पित मानव उत्थान सेवा समिति के आश्रम प्रभारी महात्मा सुगंधी बाई, विद्यावती बाई एवं मानव सेवा दल के शाखा कार्यकर्ताओं द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरण वितरण किया गया। इस दौरान सरपंच श्रीमती गीता , बिमला सिंह, भुनेश्वर सिंह, उप सरपंच तपेश्वरी राजवाड़े, निरंजन दुबे, गणेश राजवाड़े, बाबूलाल राजवाड़े, नीरा देवी, धर्म जीत, आनंद दास, आनंद राम, संत राम, देवंती, धनीराम सहित सेवा दल के सदस्य उपस्थित थे।

### सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन की हुई बैठक




**अम्बिकापुर।** सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन आई बोक इकाई की अर्धवार्षिक बैठक माखन विहार होटल में करता राम गुप्ता आईबोक के पूर्व अध्यक्ष आईबी तिवारी, एलआईसी यूनियन के सचिव सतीश तिवारी परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता, सीबीओयू के पूर्व सचिव असीम बनर्जी, शासकीय पॉलिटेक्निक के कमलेश सोनी के आतिथ्य में हुई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन के कार्यों एवं एकजुटता की तारीफ की। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीमती सुनीता दास ने किया। सुश्री रिट्विका बनर्जी ने शास्त्रीय नृत्य ऑचल मंदिलवार ने आकर्षक गीत की प्रस्तुति दी। लोक गायक संजय सुरीला ने छत्तीसगढ़ी गीतों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अंबिकापुर एवं रायपुर क्षेत्र के 70 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन के अध्यक्ष श्याम गुप्ता ने अपने उद्बोधन में यूनियन इतिहास एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी तथा आगामी बैठकों में अधिक से अधिक सदस्यों के शामिल होने का अह्वान किया। उन्होंने 27 जनवरी से होने वाली बैंक हड़ताल को सदस्यों से सफल बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अमन सुरीन एवं क्षेत्रीय सचिव कुंदन कुमार, अलताफ मिर्जा ने बैठक को भी संबोधित किया। अंत में अतिथियों को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। महासचिव दिलीप सिन्हा एवं माखन राम ने आभार व्यक्त किया।

### संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई ओड़गी की कार्यकारिणी घोषित

**ओड़गी।** छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ ओड़गी के ब्लॉक अध्यक्ष मो.महमूद ने कार्यकारिणी की घोषणा की। मो. महमूद ने बताया कि संगठन को और



अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यकारिणी में ब्लॉक अध्यक्ष मो.महमूद, कार्यकारी अध्यक्ष कुंजलाल यादव, उपाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता, दीपनारायण द्विवेदी, सचिव राजेश कुमार पैकरा, कोषाध्यक्ष हरिनारायण दुबे, संयोजक भोरेलाल यादव, राजेश पाल, महासचिव ऋषि कुमार पाण्डेय, सुनील शर्मा, मनीष कुमार पाण्डेय, महामंत्री सिद्धेश्वर सिंह, अनिल जायसवाल, घनश्याम सिंह, प्रवक्ता बालकरण यादव, अनिमेष लाल, सह सचिव चंद्रभवन सिंह कंवर, देवलाल रत्नाकर, भीम प्रसाद पैकरा, संगठन सचिव सुरेश दुबे, राजेश जायसवाल, संजय देव पाण्डेय, प्रचार सचिव भरत कुमार राजवाड़े, पीटर लकड़ा, मनोज यादव, संतोष गुप्ता, संयुक्त सचिव विजेन्द्र सिंह, परमेश दुबे, देवेन्द्र आजाद, विश्वनाथ यादव, राजेन्द्र पटेल को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया गया है।

### संयुक्त दल ने ग्राम लक्ष्मणपुर स्थित श्याम एग्रो राइस मिल को किया सील

# धान अफरा तफरी के मामले में खाद्य विभाग की टीम ने राइस मिल में की छापमारी, दो गाड़ी में लोड 230 बोरी अवैध धान जब्त





अवैध धान लोड गाड़ी एवं राइस मिल के गेट पर सील बंदी करते खाद्य विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले के ग्राम दतिमा से लगे ग्राम लक्ष्मणपुर स्थित श्याम श्री एग्रो राइस मिल में खरीफ वर्ष में धान अफरा-तफरी को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जांच में खुलासा हुआ कि राइस मिल संचालक द्वारा समितियों से सीएमआर के नाम पर धान उठाव कर उसी धान को किसानों के नाम पर बिचौलियों के माध्यम से समितियों में खपाया जा रहा था, जिससे राज्य शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही थी। मामले की सूचना मिलने पर सोमवार को कलेक्टर सूरजपुर के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छापेमारी की,इस दौरान पाया गया कि राइस मिल से धान लोड कर दो ट्रैक्टर रामनगर सेवा सहकारी समिति की ओर ले जाए जा रहे थे।

**खास बातें**

- राइस मिल में भौतिक सत्यापन करने पर 27 सौ क्विंटल से अधिक धान का स्टॉक कम पाया गया
- छोटे रकबे वाले किसानों के नाम पर धान खपाने की थी तैयारी,पहले से कटा कर रखे गए थे टोकन

खाद्य विभाग ने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15ए 1813 में से 120 बोरी एवं सीजी 29 एजी 6431 में से 110 बोरी अवैध धान को जप्त कर रामनगर समिति प्रबंधक के सुपुर्द किया है।

जांच में यह भी सामने आया कि उक्त धान को शिवधनी जायसवाल ग्राम झुमरपारा एवं रामदेव सिंह निवासी रामनगर के नाम पर समिति में खपाने की योजना थी, जिनके टोकन पहले से ही कटे हुए थे।ट्रैक्टर जप्ती के बाद खाद्य अमले ने श्याम श्री एग्रो राइस मिल,लक्ष्मणपुर पहुंचकर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया,जिसमें 6765 बोरी यानि 2706 क्विंटल धान कम पाया गया, इसके बाद मिल परिसर में मौजूद लगभग साढ़े 29 हजार क्विंटल धान को जप्त करते हुए राइस मिल को सील कर दिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी संदीप भगत ने बताया कि मामले में कस्टम मिलिंग एवं धान उपार्जन आदेश की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में भेजा जा रहा है,इस कार्रवाई के बाद जिले में धान के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है,उक्त राइस मिल अंबिकापुर निवासी विनय अग्रवाल की बताई गई है।

### सीएमआर के लिए उठाए गए धान की मिलिंग के बजाय बिचौलियों के माध्यम से बेचा जा रहा किसानों को

बताया जाता है कि राइस मिलरों द्वारा समितियों से धान का उठाव कस्टम मिलिंग के लिए किया जाता है, लेकिन वास्तव में इस धान की मिलिंग न कर धान को ऐसे किसानों को कोचियों सहित समिति प्रबंधकों के माध्यम से बेच दिया जाता है जिनका रकबा अधिक है और उतनी मात्रा में धान उपजाया नहीं गया है,यही धान सरकारी दर पर समितियों में कम रकबा वाले किसानों के नाम पर खपाया जाता है,इसके साथ ही राइस मिलर यूपी व बिहार प्रांत से सस्ते दर पर चावल को मंगवाकर सीएमआर में जमा करते है,इसमें उन्हें किसी प्रकार की अतिरिक्त व्यय या परेशानी नहीं होती है,न मिलिंग कराने का झमेला- झंझट और न ही बिजली बिल, मजदूरी, पल्लेदारी सब कुछ ठोस बचत से राइस मिल संचालक फल फूल रहे हैं।इन्हीं सब कारणों से बड़ी मात्रा में हर वर्ष प्रदेश भर में नई राइस मिले खुल रही हैं।

### समिति में भी 80 लाख रुपए का धान गायब

सूरजपुर जिले के भैयाथान तहसीलदार और खाद्य विभाग ने सहकारी समिति सावारावां में भी जांच की। जांच के दौरान समिति में 40 हजार 842 क्विंटल धान की खरीदी करना बताया गया। दस्तावेजों से स्टॉक का मिलान करने के लिए भौतिक सत्यापन किया गया। स्टॉक के भौतिक सत्यापन में समिति में कुल 34 हजार 132 क्विंटल धान पाया गया। समिति से 2588 क्विंटल धान गायब मिला है, जिसकी कीमत 80 लाख रुपए बताई गई है। आशंका है कि समिति में पहुंचे बिना ही धान किसानों के खाते में चढ़ा दिया गया है।

### सरगुजा में दो राइस मिलरों पर की गई कार्रवाई

**अंबिकापुर।** जिले में भी धान की अफरा तफरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस बीच कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिले में भौतिक सत्यापन के दौरान धान की मात्रा कम पाए जाने पर दो राइस मिलों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि 6 जनवरी को राजेश राइस मिल खोडरी उदयपुर में खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी ने जांच की। जांच के दौरान मिल संचालक मयंक अग्रवाल उपस्थित थे। भौतिक सत्यापन में 4370 नग बोरा तथा टापा में 1400 नग बोरा धान (प्रति बोरा 40 किलोग्राम) कुल 5770 बोरी, वजन 2308 क्विंटल धान पाया गया। जांच में यह पाया गया कि मिल द्वारा सत्यापन की तिथि तक कुल 5050 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका था। इस प्रकार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उठाए गए धान के सत्यापन में 6855 बोरा धान कम पाया गया। वहीं गत वर्ष 2024-25 के लिए एफसीआई हेतु तैयार 5220 क्विंटल चावल मिल परिसर में प्लास्टिक बोरी एवं ढाला के रूप में पाया गया। इसके अतिरिक्त मिल के पीछे निर्माणाधीन गोदाम में बाहर से खरीदा गया लगभग 1200 क्विंटल चावल भी रखा हुआ पाया गया। इसी प्रकार 8 जनवरी को सिद्धिविनायक राइस मिल दरिमा की संयुक्त जांच की गई। जांच के समय मिल संचालक संजय कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। भौतिक सत्यापन में 17250 नग बोरा धान एवं चावल में 1447 क्विंटल (धान मात्रा 2160 क्विंटल, 5400 नग बोरा) पाया गया। इस प्रकार कुल 22650 बोरी धान (9060 क्विंटल) भौतिक रूप से उपलब्ध पाया गया। जांच में पाया गया कि मिल द्वारा सत्यापन की तिथि तक कुल 12320 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका था जो कि 30800 बोरी के बराबर है। इस प्रकार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उठाए गए धान के सत्यापन में 8150 नग बोरा धान (3260 क्विंटल) कम पाया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान स्टॉक से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज मिल संचालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। भौतिक सत्यापन में धान की कमी पाए जाने नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### केरजू समिति में फर्जी ऋण निकालने के मामले में जांच टीम गठित

**अंबिकापुर/सीतापुर।** सहकारी समिति केरजू में किसानों के नाम पर फर्जी ऋण निकालने के कलेक्टर ने जांच समिति गठित कर दी है। बता दें कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. केरजू के तत्कालीन प्रबंधक स्व. दिनेश गुप्ता एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. पेटला के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध 5 गांव केरजू, कुनमेरा, ढोढांगाव, बंशीपुर एवं हरदीसांड़ के 131 किसानों द्वारा उनके बिना सहमति, बिना पास बुक, बिना आहरण पर्ची के ऋण की राशि आहरण करने की शिकायत कलेक्टर अजीत वसंत से की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर सरगुजा श्री वसंत ने इस मामले की जांच के लिए टीम का गठन कर दिया है। जांच टीम के अध्यक्ष एसडीएम सीतापुर राम सिंह ठाकुर होंगे। वहीं लीड बैंक मैनेजर अम्बिकापुर दिपेन्द्र यादव, कार्यालय कोषालय अधिकारी के सहायक लेखा अधिकारी मनोज शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय मर्या. बैंक के प्रभारी मुख्य लेखापाल आनंद सिंह एवं कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक दीपक कुमार पटेल सदस्य होंगे। जांच दल द्वारा शिकायत की तथ्यात्मक जांच कर जांच प्रतिवेदन 3 दिवस के भीतर कलेक्टर सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## मवेशियों की चोरी कर झारखंड ले जाने वाला गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मवेशियों की चोरी कर तस्करी करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। एक बार फिर से पुलिस ने 7 मवेशी चोरों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 4 रास मवेशी भी बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से कार व पिकअप वाहन जब्त किया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी घुटरापारा चांदनी चौक निवासी अंकित तिवारी 13 जनवरी को सुबह 5 बजे टहलने निकला था। इस दौरान खैरबार रोड पर नहर किनारे कार क्रमांक जेएच 24 डी 8465 व पिकअप क्रमांक जेएच 01 ईएक्स 4982 में सवार 6-7 व्यक्तियों द्वारा गाय व बछड़ों को रस्सी से बांधकर पिकअप में लोड किया जा रहा था। युवक ने चोरों बाइक से पीछा किया और पुलिस को सूचना दी की मवेशियों से भरे पिकअप को रनपुर बस्ती के आगे जंगल में खड़ा किया गया है। ऐसे में सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस झारखंड रांची के माडर ढौठा टोली निवासी 30 वर्षीय अकरम अंसारी आ. कमरूद्दीन अंसारी, गुमला तिगरा निवासी 20 वर्षीय असलम खान आ. मुमताज



खान, 20 वर्षीय इरबाज खान आ. स्व. सिराज खान, गुमला जारी निवासी 20 वर्षीय अमजद खान आ. स्व. जब्बार खान, पुसव निवासी 20 वर्षीय शाहरुक अंसारी आ. सकबुल अंसारी, 20 वर्षीय फिदाउल अंसारी आ. स्तब अंसारी, 26 वर्षीय अब्बु सहाब अंसारी आ. नजमुल अंसारी को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से कार, पिकअप समेत चार नग मवेशी जतब किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 4, 6,10 छग कृषक परीक्षण अधि. 2004 पशुओं के प्रति कुरता का निवारण 1960 की धारा 11 के तकत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा, प्रभारी साइबर सेल अजित कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, राहुल केरकेट्टा, अमन पुरी सक्रिय रहे।

# गरीबों का हक मार रही केंद्र सरकार : जरिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मनरेगा में संशोधन करके केंद्र सरकार द्वारा गरीब परिवार के हक पर हमला किया जा रहा है। यूपीए सरकार द्वारा गरीबों को मनरेगा का एक महत्वपूर्ण कानून देकर बड़ा अधिकार दिया गया था, जिसे अब खत्म करने की साजिश की जा रही है। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी की छत्तीसगढ़ सह प्रभारी जरिता लैतफ्लांग ने ग्राम जयनगर व रामनगर में मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत आयोजित चौपाल कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा आम लोगों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है।



आज देश में बेरोजगारी, महंगाई, चरम पर पहुंच गई है लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार केवल कोरे आश्वासन देकर लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा है आज किसानों के रकबे काटकर धान खरीदी से खुद को बचाकर किसानों को आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। विकास कार्य भी केवल कागजी कोरमपूर्ति ही दिखाई पड़ रहे हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों के हक की मनरेगा योजना को समाप्त करने का जो प्रयास किया जा रहा है वह पूरी तरह अनुचित है। कांग्रेस पार्टी इसको लेकर गरीब मजदूरों के हक में सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ रही है। आप सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। चौपाल कार्यक्रम को पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, जेपी श्रीवास्तव, संजय डोसी व अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान मेंहदी यादव, इस्माइल खान, नरेंद्र जैन, वेद प्रकाश मिश्र, मो.शमीम पलिहा, रूपनारायण राजवाड़े, झूनेश्वर राजवाड़े, विनय मिश्रा, विक्की समद्दार, मनोज राजवाड़े, संतोष पावले, दुर्गा टेकाम, सुंदर दास, नारायण दास, मोती दास, निर्मल साहू, दिनेश व अन्य उपस्थित थे।

# मंत्री राजवाड़े ने 15.50 करोड़ के कार्यों का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधान सभा में 15.50 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इन कार्यों के शुभारंभ से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुदृढ़ होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने गृह ग्राम वीरपुर से कसलगिरी सड़क निर्माण कार्य के पूजन में ग्राम कसलगिरी पंचायत भवन के पास सम्मिलित हुईं। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम केंवटाली से सुन्दरपुर सड़क निर्माण कार्य के



शुभारंभ अवसर पर ग्राम केंवटाली चौक में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। ग्राम गंगौटी से शिवपुर सड़क निर्माण कार्य के कार्यप्रारंभ पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुदृढ़ सड़कें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। इन मार्गों के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, किसानों, विद्यार्थियों और नागरिकों को लाभ होगा तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और बाजार तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और वंचित वर्ग के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अधोसंरचना विकास के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, सौरभ साहू ने संबोधित किया। इस दौरान ललित राजवाड़े, राजू गुप्ता, राय सिंह, संतोष कुमार सिंह, टीमल सिंह, उजाला ठाकुर, तेज नारायण सिंह, राम बहल सिंह, शिव प्रसाद साहू, उमेश कुशवाहा, जितेंद्र दुबे, भूपेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गर्ल्स स्कूल में विधायक ने किया साइकिल वितरण

**सीतापुर।** शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में निःशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामकुमार टोप्पो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां आज इतिहास रच रही है चाहे हो शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर खेल का मैदान हो सभी जगह बेटियां अपने बुलंद हौसलों के साथ अपना नाम रोशन कर रही है। इस मुकाम में कही आप पीछे न रह जाये स्कूल आने जाने के दौरान आपके रास्ते में कोई रुकावट पैदा न हो सके इसलिए आप सभी को भाजपा सरकार के सौजन्य से सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सांसद प्रतिनिधि सदानंद गुप्ता द्वारा स्कूल परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने की मांग पर विधायक ने दस लाख रुपये देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि प्रभात खलखो ने कहा कि जीवन मे शिक्षा का उतना ही महत्व है जितना इंसन को जीने के लिए रोटी कपड़ा और मकान की जरूरत होती है। आज पढ़ाई के दम पर हमारे क्षेत्र की बेटे बेटियों ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया है। विधायक प्रतिनिधि श्रवण दास, पार्षद नीरू मिस्त्री, सांसद प्रतिनिधि सदानंद गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## जर्जर सड़क व किसानों के लंबित भुगतान को लेकर एनएच 43 पर युवक कांग्रेस का चक्काजाम

**बिश्रामपुर।** क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर युवक कांग्रेस ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर चक्काजाम किया,युवक कांग्रेस के नेतृत्व में ग्राम मदनपुर चौदहा पेट्रोल पंप के समीप सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया,इस दौरान कलेक्टर सूरजपुर के नाम एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

चक्काजाम होने के कारण कुछ समय के लिए एनएच पर आवागमन प्रभावित हो गया,प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन लंबे समय से जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर रहा है,जिससे आम जनता, किसान और राहगीर परेशान हैं,प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ग्राम सिलफिली में संचालित पिलखा क्षीर संयंत्र डेढ़ वर्षों से बंद पड़ा है,जिससे सैकड़ों किसानों,कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है,संयंत्र पर करीब 90 लाख रुपए का भुगतान किसानों व कर्मचारियों का लंबित है,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई,प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि किसानों समेत अन्य लोगों का बकाया राशि का



तत्काल भुगतान शीघ्र कराया जाए,उन्होंने कहा कि सिलफिली से अजबनगर तक एनएच 43 की हालत बेहद खराब हो चुकी है,गड्ढों और उड़ती धूल के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं,राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है,वहीं सड़क किनारे रहने वाले लोग धूल-प्रदूषण से त्रस्त हैं,ग्राम संजयनगर स्थित पिलखा ढाबा के संचालक द्वारा एनएच 43 के अंधे मोड़ पर सड़क से सटाकर बनाए गए अवैध शेड को भी गंभीर खतरा बताया गया,प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस अंधे मोड़ पर दृश्य बाधित होने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और कुछ राहगीरों की जान भी जा चुकी है। प्रदर्शनकारियों ने कमलपुर रेलवे साइडिंग को कोयला परिवहन के लिए पुनः शुरू करने का कड़ा विरोध किया गया,बताया गया कि इससे भारी वाहनों का दबाव बढ़ेगा, दुर्घटनाओं की आशंका,प्रदूषण और कृषि कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा,पूर्व में अदानी समूह द्वारा कोयला परिवहन के दौरान सड़कों की हालत बदतर हो गई थी,जो आज तक सुधर नहीं सकी है,इसलिए जनहित में कमलपुर साइडिंग को पुनः शुरू करने पर तत्काल रोक लगाई जाए,प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी जरीता लैतफ्लांग, सूरजपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह, संजय डोसी, मेंहदी यादव, इस्माइल खान,जेपी श्रीवास्तव, संजीत यादव, प्रिंस श्रीवास्तव,तपन सिकदार, विनय गुप्ता,कमलेश दुबे,परमेश्वर राजवाड़े,अनहल, रुचि टोप्पो,आनंदी लकड़ा, भीमा पैकरा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर के दूसरे दिन चलाया गया स्वच्छता अभियान

**भैयाथान।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ योग, प्राणायाम, शारीरिक अभ्यास एवं स्वच्छता अभियान के साथ किया गया। शिविर में शामिल सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। स्वच्छता अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। द्वितीय दिवस के बौद्धिक सत्र में हाई स्कूल रजबहर के व्याख्याता नंदलाल सिंह तथा माध्यमिक शाला रजबहर के प्रधान पाठक रामप्यारे पैकरा ने स्वयंसेवकों के अनुशासन, स्वच्छता एवं सामाजिक दायित्व विषय पर मार्गदर्शन दिया।

# खराब सड़कों को लेकर घड़ी चौक पर प्रदर्शन महोत्सव पूर्व सड़क निर्माण की मांग

**अम्बिकापुर।** मैनपाट एवं तातापानी महोत्सव से पूर्व जिले की खराब सड़कों के निर्माण और मरम्मत की मांग लेकर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मिश्रा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत तथा बजट घोषणा के अनुरूप नई सड़कों की शीघ्र निर्माण कराने की मांग की है। कैलाश मिश्रा ने बताया कि अंबिकापुर मुख्यालय सहित पूरे जिले में सड़कों की हालत अत्यंत खराब है, जिससे आमजन परेशान हैं। बजट में जिन प्रमुख सड़कों को डिवाइडर सहित फोरलेन बनाने की घोषणा की गई थी, उनके लिए न तो पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किया गया और न ही कार्य प्रारंभ हुआ है। इससे जनता में आक्रोश व्याप्त है। खराब कनेक्टिविटी के कारण



जिले में व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हैं। पूर्व में बरसात समाप्त होने के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया था, किंतु आज तक शहर के मुख्य मार्ग देवीगंज रोड और सदर रोड को भी सुव्यवस्थित और सुगम नहीं बनाया जा सका है।

### गैरेज का ताला तोड़ एक लाख से अधिक का सामान ले भागे चोर

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के कुमदा कॉलोनी स्थित गैरेज दुकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर दुकान में रखे गैरेज सहित किराना सामान चोरी कर भाग निकले।घटना दो दिवस पूर्व 11 जनवरी के मध्यरात्रि की बताई गई है।दुकान संचालक नरेश कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर बताया कि घटना दिवस को अज्ञात चोरों ने उसके दुकान में धावा बोलकर दुकान के भीतर रखे गैरेज और किराना सामान को चोरी कर लिया है।घटना की जानकारी लगने के बाद उसने तत्काल बिश्रामपुर थाने में मामले की सूचना दर्ज कराई है।चोरी गए समानों की कीमत एक लाख से अधिक बताई गई है।



# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

**मुंबई।** 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है। यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है।

लाइफ Style

# तापसी

## दूसरों को गिराने के लिए दिए जा रहे पैसे

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी महिला आधारित फिल्मों और शानदार अभिनय के अलावा, अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब तापसी ने इंस्ट्री में चलने वाले पीआर गेम पर अपनी राय रखते हुए इसकी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो खुद को इस पीआर गेम से दूर रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी ने पीआर को लेकर सवाल भी उठाया है। एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में पीआर गेम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कामों में बहुत व्यस्त थी। लेकिन, पिछले डेढ़-दो साल से मैंने अपनी रफ्तार धीमी कर दी है और यह एक सोची-समझी कोशिश भी थी। मैंने महसूस किया है कि यह पीआर गेम एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया है। आप या तो खुद को आगे बढ़ाने के लिए पैसे दे रहे हैं, जो पीआर करने का एक तरीका था। आप किसी और को नीचे गिराने के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे ये नहीं समझ में आता कि कब से आपकी सफलता किसी और की असफलता पर निर्भर करने लगी? लोग प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने व्यक्तित्व का एक नया मुखौटा बना रहे हैं। मैं सिर्फ किसी हिट फिल्म में होने से संतुष्ट नहीं हूं, मुझे भी अपनी एक सशक्त आवाज चाहिए, भले ही वह आपकी न हो। लेकिन, आपको अपनी एक आवाज बनानी होगी। फिल्मों से परे आप जो आवाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वह आपके काम से मेल नहीं खाती। यही विरोधाभास है। आप फिल्मों से परे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन आपका काम कुछ और ही कह रहा है।



हॉलीवुड मसाला




# साइरंस किस में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सीरीज को लेकर भारत में भी अच्छा-खास क्रेज देखा जाता है। जल्द ही 'स्क्विड गेम'सीरीज एक्टर वी हाजुन एक नई कोरियन सीरीज 'साइरंस किस'में नजर आएंगे। इन दिनों भारतीय दर्शक कोरियन सीरीज को बड़ी संख्या में देख रहे हैं। ऐसे में कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कोरियन सीरीज स्ट्रीम होती है। जल्द ही एक सीरीज 'साइरंस किस' भी दर्शक देख पाएंगे। साइरंस किस सीरीज में कॉन्फिडेंस क्वीन फेम की पार्क मिनयंग और स्क्विड गेम स्टार वी हाजुन नजर आएंगे।




# द ब्लफ के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स का किया वेलकम

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई फ्लावर्स के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही प्रियंका ने फ्रैंक के लिए एक वेलकम नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आगामी एक्शन 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका ने फ्रैंक ई. फ्लावर्स के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जिसमें प्रियंका फ्लाइंग किस करती नजर आ रही है। और फ्रैंक उनके साथ सेल्फी खींचते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शायद 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक आपका इंस्टाग्राम पर स्वागत है।'



# मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

**मुंबई।** हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है?



# अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

**मुंबई।** नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था!

टीवी मसाला



# सुनील लेकर आ रहे भारत के सुपर फाउंडर्स


**नई दिल्ली।** फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब अभिनेता सुनील शेट्टी ओटीटी पर वापसी करने वाले हैं, वो भी एक अलग अंदाज में। सुनील शेट्टी एक नया रियलिटी शो ला रहे हैं, जिसका नाम है 'भारत के सुपर फाउंडर्स'। यह शो 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करेगा, जहां इसे बिल्कुल फ्री में देखा जा सकता है। शो का नया एपिसोड हर शुक्रवार-शनिवार दोपहर 12 बजे से स्ट्रीम करेगा। सुनील शेट्टी इस शो में बतौर होस्ट नजर आएंगे। शो का ट्रेलर सामने आ गया है। भारत के सुपर फाउंडर्स में उद्योग जगत के दिग्गजों का एक प्रतिष्ठित पैनल भारत के उन नए उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ आया है। ये काफी हद तक 'शार्क टैंक' जैसा है। शो की थीम बिजनेस पर आधारित है, जिसमें नए बिजनेसमैन या इंट्राप्रेन्योर अपने आइडियाज और स्टार्टअप्स पैनल में मौजूद दिग्गज उद्यमियों से साझा करेंगे। इसके बाद अगर पैनल संतुष्ट होता है या पैनल का कोई एक सदस्य संतुष्ट होता है, तो उनके स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट करेगा। ट्रेलर में 100 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट पूल को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो किसी भारतीय इंट्राप्रेन्योरियल रियलिटी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा अमाउंट है। इस निवेश को बिजनेस इंडस्ट्री के दिग्गजों के एक पैनल और रिकर क्लब का समर्थन प्राप्त है। शो का फोकस भारत भर के उन इंट्राप्रेन्योर्स पर है, जिनमें छोटे शहर और उभरते बाजार शामिल हैं। जो वास्तविक जरूरतों और मजबूत इरादों पर आधारित व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। सुनील शेट्टी शो में होस्ट और मेंटर के रूप में नजर आएंगे।

## द 50 शो का पहला लुक आया सामने



**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी पर नए रियलिटी शो 'द 50' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही दर्शक एक्साइटेड हैं। हालांकि, मेकर्स ने फराह खान को होस्ट के रूप में दिखा दिया है, लेकिन कंटेस्टेंट्स और शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं बताई गई है। अब, 'द 50' के बारे में सारी बातें सामने आई है, ये एक ऐसा शो है जिसके बारे में मेकर्स का मानना है कि यह भारत में नॉन-फिक्शन टेलीविजन की दुनिया को बदल देगा। 1 फरवरी को प्रीमियर होने वाले उनके नए शो के बारे में पूछे जाने पर आलोक जैन ने बताया, 'द 50' में हम 50 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को एक मंच पर लाएंगे और उन्हें कुछ बेहद एंटरटेनिंग टास्क पूरे करने होंगे। इसमें एलिमिनेशन भी होंगे। और लगभग 50 एपिसोड के बाद हमें विनर मिल जाएगा।' रियलिटी शो 'द 50' का प्रीमियर 1 फरवरी से रात 9 बजे जियोहॉटस्टार और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर होगा।

# बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं




**मुंबई।** लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

# रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स** : आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती** : फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।



**12वीं फेल** : विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया** : शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल** : फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

## कई फिल्मों में दिखा मकर संक्रांति का उल्लास और उमंग

# बड़े पर्दे पर पतंगबाजी करते दिखे शाहरुख और सलमान

*नई दिल्ली। मकर संक्रांति का उत्सव देश भर में उल्लास-उमंग के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार में बड़े और बच्चे मिलकर पतंगबाजी भी करते हैं। इस त्योहार को बॉलीवुड फिल्मों में भी बड़ी खूबसूरती से दिखा गया है। हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहार कहानियों का अहम हिस्सा रहे हैं। हमारे त्योहारों, इसकी परंपरा पर फिल्मों में कई गाने भी सुनने को मिलते हैं। कई गाने तो बहुत हिट भी रहे हैं। होली, दिवाली, करवाचौथ के गीत बहुत बड़ी संख्या में हिंदी फिल्मों में रखे जाते हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार है। मकर संक्रांति पर भी फिल्मी गीत, सीन्स कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखे हैं।*



### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम(1999)' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में मकर संक्रांति का त्योहार दिखाया गया था। साथ ही एक गाना 'ढील दे दे रे भईया'सलमान खान पर फिल्माया गया था। वह फिल्म में पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। यह गाना आज भी मकर संक्रांति पर खूब पसंद किया जाता है, पतंगबाजी करते हुए लोग इस गाने को गाते या सुनते हैं। सलमान खान की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सुल्तान'में भी मकर संक्रांति की एक झलक मिलती है। एक सीन में उनका किरदार अपने गांव की गलियों में पतंगबाजी करता हुआ नजर आता है।

### काई पो चे

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो चे'साल 2013 में रिलीज हुई। इस फिल्म में भी 'मांझा'नाम से एक गाना था, जिसमें सुशांत, राजकुमार राव और अमित साध दोस्तों के किरदार में नजर आते हैं। फिल्म में सभी मिलकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। यह गाना भी मकर संक्रांति के मौके पर लोग काफी पसंद करते हैं।

### रईस

शाहरुख खान की फिल्मों में भारतीय त्योहारों पर कई गाने देखने को मिलते हैं। साल 2017 में उनकी फिल्म 'रईस' रिलीज हुई। इस फिल्म में 'उड़ी उड़ी जाए' गाने में मकर संक्रांति का उल्लास, उमंग दिखा। पतंगबाजी भी झलक भी मिली। इस गाने में शाहरुख खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी नजर आईं।

### पतंग द काइट

साल 2011 में रिलीज हुई 'पतंग द काइट' फिल्म की कहानी तो मकर संक्रांति पर की जाने वाली पतंगबाजी के ईद-गिर्द बुनी गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आए थे। इस फिल्म में मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी उत्सव के साथ एक परिवार के लोगों की जिंदगी, रिश्तों और सपनों को दिखाया गया है। तापसी पन्नू की फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में भी मकर संक्रांति का सीक्वेंस दिखाया गया था। रश्मि की तेज दौड़ और पतंगबाजी को साथ में जोड़कर यह सीन फिल्म में दिखाया जाता है।

### इन फिल्मों में दिखी लोहड़ी की धूम

मकर संक्रांति से पहले देश भर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। हिंदी फिल्मों में भी लोहड़ी के रंग नजर आए हैं। शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की 'वीर जारा', में लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया। इस फिल्म में एक गाना 'लो आ गई लोहड़ी ' अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माया गया। इसी तरह अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में 'तू कमाल दी ' गाना फिल्माया गया, इस गाने में लोहड़ी का उत्सव, उल्लास दिखाया गया। फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया था, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र नजर आए थे।

## खबर संक्षेप

### ओपी जिंदल मेमोरियल ऑल इंडिया क्रिकेट स्पर्धा 15 से

घरघोड़ा। घरघोड़ा में विगत 41वर्षों से लगातार क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन होता आ रहा है इस वर्ष प्रतियोगिता का 42वां वर्ष है ओपी जिंदल मेमोरियल आल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष 15 जनवरी से 21 जनवरी 26 तक होगा। प्रतियोगिता में रांची राउरकेला, रायपुर, बृजराजनगर, रायगढ़, जशपुरएओ पी जिंदल क्रिकेट एकेडमी ऑल स्टार घरघोड़ा, एन टी पी सी तिलाईपाली जैसे अच्छी टीमों को प्रवेश दिया गया है। जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने बताया किइस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिस तरह डग आउट की व्यवस्था खिलाड़ियों के बैठने के लिए रहती है वही व्यवस्था घरघोड़ा स्टेडियम में रहेगा। टीमों में रणजी ट्रॉफी, बोर्ड ट्रॉफी खेले हुए खिलाड़ी मा बैगीन डोकरी के पावन धरा पर अपना कौशल दिखाएंगे जिसका आनंद यहां क्षेत्र के खेल प्रेमी जनता लेगी।

## निधन...

### गौ तस्करी के...

ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथी राजेश्वर राम के साथ-साथ गौ-वंश के मालिक नवाब खान और मुस्तकीम खान के नाम उजागर किए। पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर एवं साइबर सेल से मिली सूचना के आधार पर दोनों को जशपुर के अलग-अलग क्षेत्रों से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने गौ-वंश को हांकरों के माध्यम से झारखंड की ओर तस्करी करना स्वीकार किया। इसके बाद 13 जनवरी 2026 को दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अब तक 145 प्रकरणों में कार्रवाई 241 गौ तस्कर गिरफ्तार,1406 से अधिक गौ-वंश मुक्त कराए गए,70 वाहन जब्त, जिनमें 24 वाहन राजसात किए जा चूके हैं।

### मोबाइल के सही ...

इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपने विचारों को खुलकर रख रहे हैं इसके लिए जीवन झरना विकास संस्था को हम तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 26 जनवरी 2026 को भी विद्यालय में वाद विवाद का कार्य क्रम रखेंगे किसी अन्य अन्य टॉपिक को लेकर जिसमें आप सब का उपस्थिति प्रार्थनीय होगा। और इस तरह का कार्यक्रम हम अपने पाठ्यक्रम का भी बच्चों से कराएंगे जिससे बच्चों में उत्सुकता के साथ साथ ज्ञान का विकास होगा।

बीते खरीफ सीजन 2024-25 में लोहरसिंग और खरसिया संग्रहण केंद्र में किया गया था भंडारण

# कवर्धा, महासमुंद से पहले रायगढ़ के दो संग्रहण केंद्रों में आ चुकी है साढ़े 9 करोड़ के धान की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कवर्धा और महासमुंद जिले के संग्रहण केंद्रों में हुई धान कमी को लेकर पूरे प्रदेश में जहां बवाल मचा हुआ है। वहीं रायगढ़ के दो संग्रहण केंद्रों लोरहसिंग और खरसिया में करीब साढ़े 9 करोड़ की कमी का मामला बीते सितंबर में ही सामने आ चुका था।



संग्रहण केंद्र प्रभारियों को इसके लिए नोटिस जारी की गई है और उनका जवाब भी आ चका है, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी है। दोनों संग्रहण केंद्रों में करीब 3 फीसदी की कमी आने की बात कही जा रही है। इसे विभाग के अधिकारी सूखत ही मान रहे हैं। हालांकि जब-जब संग्रहण केंद्रों में धान भंडारण किया गया है तब –तब कमी सामने आई है। बीते खरीफ सीजन 2024-25 में खरसिया संग्रहण केंद्र में 1 लाख 59 हजार 186 क्विंटल और लोहरसिंग संग्रहण केंद्र में 7 लाख 71 हजार 245 क्विंटल धान भंडारण किया गया था। मिलरों द्वारा उठाव होने के बाद बचत धान की नीलामी की गई थी। इस दौरान खरसिया संग्रहण केंद्र में 5 हजार 324 क्विंटल और लोहरसिंग संग्रहण केंद्र में 25 हजार 227 क्विंटल का शॉर्टेज आया है। याने खरसिया में 3.35 और लोहसिंग में 3.26 प्रतिशत की कमी आने की बात कही जा रही है। देखा जाए तो दोनों संग्रहण केंद्रों में करीब 3 फीसदी की कमी आई है। इस लिहाज से कमी धान की कीमत करीब 9 करोड़ 47 लाख है। यह केवल 3100 के हिसाब से आंकलन है, जबकि हमाली से लेकर संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाने तक का भाड़ा जोड़ा जाए तो करीब 4000 के आसपास धान खरीदी पड़ती है। इसके लिए संग्रहण प्रभारियों को नोटिस तो जारी किया गया है, लेकिन अब तक आगे कार्रवाई नहीं बढ़ पाई है। धान खरीदी का पूरा सिस्टम मार्कफेड से ही संचालित होती है। हालांकि इसमें कई विभाग जरुर जुड़े रहते हैं, लेकिन मूल काम विपणन विभाग की होता है। ऐसे में संग्रहण केंद्रों में भंडारित धान की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी भी होती है, लेकिन वहां सब फेल हो जाती है।

> संग्रहण केंद्र प्रभारियों को नोटिस की गई है। समिति के बजाए संग्रहण केंद्रों में ज्यादा समय तक धान भंडारित रहता है। इसलिए सूखत आती है।
>
> **जान्हवी जैन**
> डीएमओ

# घरघोड़ा में खेल स्पर्धा का आयोजन महिलाओं ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



युवा खेल कल्याण विभाग द्वारा विकास खंड घरघोड़ा मुख्यालय मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन माध्यमिक शाला खेल मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालयीन छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाते हुए अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता मे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ महतारी भारत माता एवं माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर एवं कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष सहनू राम पैंकरा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी द्वारा एक सौ मीटर की दौड़ को ध्वज दिखा कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस आरक्षी केंद्र प्रभारी घरघोड़ा के कुमार गौरव साहू ने उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभायी द्यएक दिवसीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, रस्साकसी, बैडमिंटन, वालीवाल, बास्केटबॉल, हॉकी, कुश्ती, फुटवाल खेल शामिल थे द्यकार्यक्रम मे विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी एवं प्रतियोगिता का संयोजन किया। द्यविकास खंड स्त्रोत समन्वयक मनोज प्रधान ने शासन द्वारा खेल के क्षेत्र मे चलाये जा रही योजनाओं के संबंधित जानकारी प्रदान की द्यइस अवसर पर 100 मीटर दौड़ में राधिका राठिया 400 मीटर दौड़ निधि साव तवा फेंक प्रज्ञा पटेल बैडमिंटन प्रज्ञा पटेल खो-खो में शासउमा शाला नवापारा टेंडा रस्सा कसी शासउमा शाला नवापारा टेंडा के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना स्थान बनाया।

# राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में शामिल हुई गांव की बेटी सुनीति

**सरिया।** बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गांव की बेटी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया के ग्राम रानीडीह निवासी छत्रपति प्रधान की सुपुत्री कुमारी सुनीती प्रधान ने बेंगलुरु में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया और पारंपरिक योगासन एकलात्मक योग जैसी स्पर्धा में सुनीति ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई।



बीते 5 से 9 जनवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर की छात्रा कुमारी सुनीती प्रधान भी शामिल हुई। सुनीती प्रधान छत्तीसगढ़ से एकमात्र योगासन की छात्रा थी। आज मंगलवार को अपने गृह ग्राम रानीडीह पहुंचने पर ग्राम पंचायत सरपंच सुकलाल चौहान सहित ग्राम वासियों ने उनका सम्मान किया। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में सुनीती की भागीदारी युवा छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। और उन्हें योग अनुशासन और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करती है। गांव की बेटी सुनीती प्रधान ने ऑल इंडिया योग प्रतियोगिता में अपनी योग क्षमता का प्रदर्शन करके क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किए जाने से सरपंच सुकलाल चौहान ने उनका फूल माला पहना कर एवं मुंह मीठा का स्वागत किया। सरपंच द्वारा गाँव में गाजेबाजे के साथ गांव की लाडली बेटी का सम्मान किया।







